बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दल (अमान्यता प्राप्त) जिनका मुख्यालय बिहार राज्य में अवस्थित है, हेतु **Integrated Election Expenditure Monitoring System (IEMS)** पोर्टल के संबंध में दिनांक 13.11.2023 को आयोजित प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक सूचना

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा राजनैतिक दलों द्वारा दाखिल किये जाने वाले अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षित लेखे एवं निर्वाचन व्यय विवरण को ऑन–लाईन विधि से दाखिल करने हेतु Integrated Election Expenditure Monitoring System (IEMS) पोर्टल की शुरूआत की गयी है। सभी राजनैतिक दलों द्वारा उक्त रिपोर्ट को भौतिक रूप से जमा किये जाने के क्रम में आनेवाली कठिनाईयों को दूर करना तथा सभी वित्तीय प्रतिवेदनों को ससमय जमा सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से ही आयोग द्वारा इस पोर्टल की शुरूआत की गयी है। विदित हो कि इस संबंध में आयोग के पत्रांक 505/Meeting/IT Module/PPEMS/2022 दिनांक 30.06.2023 से निर्गत निदेश एवं उसके साथ संलग्न FAQ एवं IEMS Portal से संबंधित User Manual की प्रति इस कार्यालय द्वारा बिहार राज्य के सभी पंजीकृत गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को पूर्व में ही प्रेषित की गयी है। उक्त पत्र की प्रति भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के वेबसाईट (https://ceobihar.nic.in/iems.html) पर भी संधारित है।

राजनैतिक दलों द्वारा अंशदान रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षित लेखे एवं निर्वाचन व्यय विवरण को IEMS Portal पर ऑन–लाईन विधि से दाखिल करने हेतु **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार के कार्यालय के सभा कक्ष में दिनांक 13.11.2023 को 10.30 बजे पूर्वाह्न से एक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया है।**

अतः अपने स्तर से एक प्रतिनिधि को प्राधिकृत करते हुए प्राधिकार पत्र के साथ उक्त कार्यशाला में ससमय भाग लेने हेतु निदेशित किया जाये।

ह0/–
(मिथिलेश कुमार साहु)
संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार।